# मप्र पुलिस के ई-विवेचना एप को राष्ट्रीय डिजिटल इंडिया अवॉर्ड में प्रथम पुरस्कार

**भोपाल (काप्र)।**

**भारत की राष्ट्रपति महोदय श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के कर कमलों द्वारा शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में मध्यप्रदेश राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो के एडीजी चंचल शेखर और उनकी टीम में शामिल एआईजी हेमंत चौहान एआईजी श्रीमती प्रांजलि शुक्ला निरीक्षक श्रीमती इंद्रा नामदेव और हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र रघुवंशी को ई-विवेचना एप के उल्लेखनीय उपयोग और पहल करने के लिए डिजिटल इंडिया अवॉर्ड 2022 के डिजिटल इनिशिएटिव एट ग्रासरूट लेवल कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार (प्लैटिनम अवॉर्ड) से पुरस्कृत किया गया।**



पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना ने उक्त अवॉर्ड को प्राप्त करने पर हर्ष व्यक्त करते हुए राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो की टीम को बधाई दी है। इस हेतु नामांकन की प्रक्रिया ऑनलाइन की गई थी जिसमें सम्पूर्ण भारत से 400 नॉमिनेशन प्राप्त हुए थे। डिजिटल इंडिया अवॉर्ड हेतु निचले स्तर पर नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदाय करने हेतु केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की संस्थाओं से 7 कैटेगरी में 21 नॉमिनेशन के लिए चयन किया गया था जिसमें एससीआरबी मध्यप्रदेश को डिजिटल इनिशिएटिव एट ग्रासरूट लेवल कैटेगरी में प्रथम (प्लैटिनम) पुरस्कार प्राप्त हुआ। नॉमिनेशन की प्रक्रिया में शॉर्टलिस्ट होने के उपरांत एडीजी एससीआरबी चंचल शेखर एवं एआईजी सीसीटीएनएस श्रीमती प्रांजलि शुक्ला द्वारा नई दिल्ली में ज्यूरी के समक्ष ई- विवेचना एप का प्रेजेन्टेशन दिया गया था। एडीजी चंचल शेखर ने बताया कि सीसीटीएनएस के माध्यम से थानों का कार्य डिजिटल हुआ है स्मार्ट ( सेंसिटिव मोबाइल अलर्ट रिलायबल और टेक सेवी) पुलिसिंग की अवधारणा को लार्ग करने हेतु मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा मैदानी स्तर पर पुलिसकर्मियों को डिजिटल टूल के रूप में ई- विवेचना एप विकसित कर उपलब्ध कराया गया है। इस एप को मध्यप्रदेश पुलिस एमपीएससीडीसी के साथ मिलकर विकसित किया है। विवेचक टैबलेट की सहायता से मौके पर ही वास्तविक समय में विवेचना कर सकते हैं जिससे अपराध की विवेचना में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता आई है। इस एप की मदद से विवेचक घटनास्थल का विवरण जैसे- फोटो वीडियो गवाहों के बयान घटनास्थल के वास्तविक निदेशांक और केस डायरी की जानकारी सीधे सीसीटीएनएस में भर सकते हैं। अब तक इस एप के माध्यम से 24 231+ प्रकरणों की केस डायरी संधारित की जा चुकी है।

## बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर मिलेगा पुरस्कार

**भोपाल (काप्र)।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम के लिए इनाम योजना घोषित की है। अवैध उपयोग की सूचना देने पर निर्धारित शर्तो के अधीन पारितोषिक देने का प्रावधान है। सूचना के आधार पर राशि वसूली होने पर सफल सूचनाकर्ता को 10 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाएगा। इस राशि की अधिकतम सीमा नहीं है।

बिजली के अवैध उपयोग/चोरी के संबंध में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी मुख्यालय एवं क्षेत्रीय मुख्यालयों के अलावा क्षेत्रीय महाप्रबंधकों को भी लिखित अथवा दूरभाष पर सूचना दी जा सकती है। सूचनाकर्ता की जानकारी गोपनीय रखने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की रहेगी। कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी को सूचनाकर्ता नहीं माना जाएगा। सूचनाकर्ता को प्रोत्साहन राशि का भुगतान कंपनी मुख्यालय से किया जाएगा। प्रोत्साहन राशि सीधे सूचनाकर्ता के बैंक खाते में जमा की जाएगी।

### बीजेपी ने गोविंद सिंह और कमलनाथ को भेजी भजन सीडी , कहा-

# नाथ को इस उम्र में भजन करना चाहिए, वे अश्लील सीडी देख रहे

**भोपाल (काप्र)।**

**मध्यप्रदेश की सियासत में सीडी का मुद्दा थमने नहीं रहा। कांग्रेस के सीनियर लीडर और नेता प्रतिपक्ष डॉ. ोविंद सिंह ने 5 दिन पहले बीजेपी और आरएसएस के नेताओं की अश्लील सीडी होने का दावा किया था। आज भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश केसवानी ने हनुमान चालीसा, सुंदर कांड और राम भजनों की सीडी मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह को भेजी।**

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि जिस उम्र में मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ को भजन करना चाहिए, उस उम्र में नाथ लगातार अश्लील सीडियां देख रहे हैं। इसका सार्वजनिक गुणगान भी कर रहे हैं। नाथ को इस उम्र में अपना परलोक सुधारने के लिए काम करना चाहिए। उनके पास हनीट्रैप की जो सीडी है, उसे कोर्ट को सौंप देना चाहिए। पूर्व मंत्री जीतू पटवारी ने शुक्रवार को गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा पर हमला बोला। उन्होंने कहा है कि जिस दिन सीडी बाहर आएगी, सबसे ज्यादा आंच उन्हीं पर आएगी। भोपाल सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने कहा है कि डॉ. गोविंद सिंह का इतिहास मैं जानती हूं, जल्दी खुलासा होगा। गोविंद सिंह सावधान हो जाइए। समय की प्रतीक्षा कर रही हूं। मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने दावा किया कि उनके पास भाजपा और आरएसएस के नेताओं की अश्लील सीडी है। इसके बाद गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा और प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा से लेकर दूसरे नेताओं के बयान भी सामने आने लगे। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता केसवानी ने कहा, यदि कमलनाथ के पास हनीट्रैप से संबंधित कोई सीडी है, तो उन्हें इसे न्यायालय को सौंपना चाहिए। इससे जो भी दोषी होगा, उन पर कड़ी कार्रवाई होगी। उनके चेहरे भी लोगों के सामने आएंगे। हनीट्रैप की सीडी छिपाकर नाथ दोषियों को संरक्षण भी दे रहे हैं और इसे देखकर अपनी मानसिक स्थिति भी गड़बड़ कर रहे हैं। इसलिए नाथ और सिंह को रामभजन की सीडी भेजी है, जिससे वे अपना परलोक भी सुधारें और अपने जीवन को भी सुखी करें।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति ही भगवान राम के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करने में चलती रही। कांग्रेस नेता राम सेतु के अस्तित्व को नकारते रहे। भगवान राम को काल्पनिक बताते रहे। इतना ही नहीं, जब राम जन्मभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर का भूमि पूजन करते रहे, उस समय भी कांग्रेस ने राम मंदिर पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया। ऐसे में जब कांग्रेस की राजनीति ही खत्म होने की कगार पर आ गई है, तो कांग्रेसियों को भगवान राम की शरण में आ जाना चाहिए। भगवान राम का भजन उनका यह लोक भी सुधार देगा और इसके साथ ही परलोक भी स्वत- सुधर जाएगा।

# नौकरी का झांसा देकर महिला से 18 लाख की धोखाधड़ी

### मिनिस्टरी ऑफ होम अफेयर्स का फर्जी अपॉइंटमेंट लेटर थमाया

**भोपाल (काप्र)।**

**राजधानी में जालसाज ने महिला को मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स में एविएशन विभाग का डायरेक्टर बनाने का झांसा देकर 18 लाख रुपए ठग लिए। पैसा मिलने के बाद आरोपी ने उसे केन्द्रीय गृह मंत्रालय का फर्जी अपॉइंटमेंट लेटर भी थमा दिया।**

पीड़िता ने जब लेटर के बारे पता लगाया, तो वह फर्जी निकला। इस संबंध में कोहेफिजा थाने में शिकायत की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फिलहाल, आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

पुलिस के मुताबिक नदी चौराहा गायत्री मंदिर के पास गंगा आश्रम सीहोर की रहने वाली रेखा रायकवार पिता स्व. जगदीश प्रसाद रायकवार बेरोजगार हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उसे नौकरी की तलाश कर रही थी। इसी बीच, उम्मानपुरा चौराहा विनीता अपार्टमेंट निवासी सुकान्तोदास से उसकी पहचान हुई। सुकान्तोदास चक्रवर्ती ने बताया कि उसकी गृह मंत्रालय में पकड़ है। अभी होम मिनिस्ट्री के एविएशन डिपोर्टमेंट में डायरेक्टर के पद के लिए वैकेंसी निकली है। उसने रेखा को 15 जनवरी 2020 का शासकीय कार्यालय इंडियन मिनिस्टरी ऑफ होम अफेयर्स लिखे लेटर पेड नोटिफिकेशन दिखाया। रेखा को झांसा दिया कि तुम्हारी इस पद पर वह पोस्टिंग करा देगा। 18 लाख रुपए लगेंगे। झांसे में आई रेखा ने पैसा देने के लिए तैयार हो गईं।

इस पर सुकान्तोदास ने रेखा को केवाईसी डाक्यूमेंट, बैंक स्टेटमेंट की डिटेल उसे दिया। प्रोजेक्ट कास्ट फीस के रुपए में उसने साढ़े 5 लाख रुपए ले लिए। यह रकम उसने कोहेफिजा स्थित होटल स्वीट स्टार्स में लिए। इसके बाद उसने अलग-अलग दिन 13 लाख रुपए। पैसा मिलने के बाद आरोपी ने उसे डायरेक्टर के पद पर अपाइन्टमेंट दिया। जो 22 फरवरी 2022 को जारी किया गया था। इसके अनुसार मासिक वेतन 50,000 रुपए प्रतिमाह निर्धारित किया गया था।

## कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता चाहता है नाथ प्रदेश के मुख्यमंत्री बनें : अग्रवाल

**भोपाल (काप्र)।**

नया साल 2023 शुरू होने के साथ ही हम लोग चुनावी वर्ष में प्रवेश कर गए हैं। मुझे जिस तरह का फीडबैक पूरे प्रदेश से मिल रहा है, उसे देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता छाती ठोक कर कह सकते हैं कि कांग्रेस की सरकार आ रही है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ ने अपने आवास पर कांग्रेस के जिला प्रभारी और सह प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। श्री कमलनाथ ने कहा कि हम लोग मंडलम और सेक्टर पर पहले से ही काम कर रहे हैं और जल्द ही बूथ प्रभारी और पन्ना प्रभारी की भी नियुक्ति की जाएगी। श्री कमलनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ चुनावी घोषणाएं कर रही है, जिन्हें प्रदेश की जनता अच्छी तरह से समझ गई है। आप सब को जनता के बीच जाना है और संगठन को मजबूत करके यह चुनाव जीतना है। उन्होंने प्रभारियों से कहा कि आप सब की जिम्मेदारी है कि आप संगठन के हर पदाधिकारी और कार्यकर्ता को समुचित जिम्मेदारी दें और उनकी क्षमता का अधिक से अधिक उपयोग करें।

### स्पीड ब्रेकर पर 3 फीट उछली ओवरस्पीड कार

# बीजेपी नेता के बेटे-दामाद की मौत

**भोपाल (काप्र)।**

**राजधानी में एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। मृतक विदिशा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष का बेटा और दामाद हैं। इनमें से दामाद दिल्ली में अमेजन कंपनी में डेवलपर था।**

एक्सीडेंट वाली रात उन्होंने घर पर ब%ची का बर्थडे सेलिब्रेट किया, इसके बाद होटल में साले और दोस्त के साथ जाकर खाना खाया। लौटते समय लिंक रोड-1 पर हादसा हो गया। उनकी कार शिवाजी नगर चौराहे की रोटरी से टकराकर पलट ई। एयरबैग भी खुले, लेकिन टक्कर इतनी तेज थी कि एयरबैग फट गए। कार की पिछली सीट पर बैठा युवक घायल हुआ है।

घटनास्थल के पास स्पीड ब्रेकर के आकार का नाले का स्लैब बना हुआ है। यह रोड से करीब 10 इंच ऊंचा है। ओवरस्पीड कार इसी ब्रेकर से अनियंत्रित होकर हवा में 3 फीट उछली और सीधा चौराहे की रोटरी से टकरा गई। इसके बाद 15 फीट तक घिसटते हुए ड्राइवर की साइड पर ट्रैफिक आइलैंड से टकराकर पलट गई। हादसा शुक्रवार देर रात हुआ। कुरवाई (विदिशा) निवासी दिनेश सोनी बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष हैं। उनके बेटे सौरभ सोनी (30) मैरिज गार्डन के मालिक थे। शुक्रवार को सौरभ सेकंड स्टॉप तुलसी नगर (भोपाल) में रहने वाले जीजा मोहित नरेकर (32) के घर भांजी का बर्थडे सेलिब्रेट करने आए थे। घर पर बर्थडे सेलिब्रेट करने के बाद जीजा-साले अपने दोस्त रवि वर्मा के साथ इमामी गेट स्थित जमील होटल में खाना खाने पहुंचे।

शुक्रवार रात 12 बजे तीनों टीटी नगर से घर आ रहे थे। रास्ते में उनकी कार शिवाजी नगर चौराहे के पास पहुंची ही थी कि उनकी कार नाले के स्लैब से उछलकर सीधे रोटरी से टकराते हुए पलट गई। 15 मिनट तक तीनों कार में तड़पते रहे। कुछ राहगीर उन्हें जेपी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जीजा-साले को मृत घोषित कर दिया। दोस्त रवि घायल है। टीटी नगर पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि एयरबैग फटने की वजह से दोनों का सिर कार के डैशबोर्ड से टकराया होगा। यही मौत की वजह बना। कार की पिछली सीट पर बैठे रवि के बयान फिलहाल नहीं हो सके हैं। उसका हमीदिया में इलाज चल रहा है।

मृतक मोहित दिल्ली में अमेजन कंपनी में डेवलपर की पोस्ट पर थे। 2017 में उनकी शादी सौरभ की बहन के साथ हुई थी। उनका एक बेटा-बेटी है। बेटी का जन्मदिन मनाने के लिए वह भोपाल के तुलसी नगर में रहने वाले अपने माता-पिता के पास आए थे। बेटी के जन्मदिन के लिए उन्होंने साले सौरभ को इन्वाइट किया था। सौरभ ट्रेन से भोपाल पहुंचे थे। जन्मदिन मनाने के बाद वह जीजा के साथ पार्टी करने चले गए। मोहित के पिता विंध्याचल भवन में पदस्थ हैं।

सौरभ और मोहित अपने-अपने पेरेंट्स के इकलौते बेटे थे। सौरभ की शादी 2019 में हुई थी।

## मुख्यमंत्री ने किया पौध-रोपण

**भोपाल (काप्र)।**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ सीपीएचडी हेल्थ केयर फाउंडेशन और राम सेना समाजसेवी संस्था के सदस्यों ने वाटर विज़न पार्क में खिरनी, गूलर और पिथोरिया के पौधे लगाए।

जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधा और सेवा उपलब्ध कराने तथा गायों के वैक्सीनेशन को समर्पित फाउंडेशन के सदस्यों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को गीत किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार-किसी का दर्द मिल सके तो ले उधार की पंक्तियाँ समूह में गाकर समर्पित की। फाउंडेशन महिला सशक्तिकरण और बच्चों के कल्याण के लिए भी कार्य कर रही है।



## श्री हिन्दू उत्सव समिति चुनावः नामांकन वापसी के अंतिम दिन एक नाम वापिस




**भोपाल (काप्र)।**

श्री हिन्दू उत्सव समिति रजि भोपाल के चुनाव द्विवार्षिक अध्यक्ष पद वर्ष 2023 एवं 2025 हेतु मतदान 22 जनवरी 2023 दिन रविवार सुबह 9 बजे से लेकर 5 बजे तक होगा ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट दीपेश श्रीवास्तव ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए कहा कि आज नामांकन वापसी लेने के अंतिम दिन 1 प्रत्याशी शेखर सोनी ने मुख्य चुनाव कार्यालय श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर साईं समाज घोडानिक्कास मे उपस्थित होकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन वापसी हेतु अपना आवेदन शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत किया।

एडवोकेट दीपेश श्रीवास्तव ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में घोषित चुनाव कार्यक्रम आज नामांकन वापसी का अंतिम दिन था कल 1 प्रत्याशी श्री नारायण सिंह कुशवाह द्वारा अपना नामांकन वापसी लिया था आज अंतिम दिन 2 प्रत्याशी शेखर सोनी ने अपना नामांकन वापिस लिया।

## जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस 8 घण्टे री-शेड्यूल

**भोपाल (काप्र)।** हजरत निजामुद्दीन से चलकर जबलपुर जाने वाली गाड़ी संख्या 12191 हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर एक्सप्रेस के आज दिनाँक 07.01.2023 को जबलपुर स्टेशन पर काफी विलम्ब से पहुंचने के कारण आज 07 जनवरी को जबलपुर स्टेशन से 17.45 बजे प्रस्थान कर गन्तव्य को जाने वाली गाड़ी संख्या 12192 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस को 08.00 घंटे री-शेड्यूल किया गया है। यह गाड़ी जबलपुर स्टेशन से दिनांक 08.01.2023 को 01.45 बजे गन्तव्य के लिए रवाना होगी। तदनुसार मागज़ के स्टेशनों पर विलंबित हो सकती है। यात्रियों से अनुरोध है कि रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके रेलवे स्टेशन पर पहुँचे।

## इटारसी स्टेशन पर नवनिर्मित फुट ओवर ब्रिज एवं सीमित ऊंचाई सबवे का लोकार्पण

**भोपाल (काप्र)।**

नर्मदापुरम सांसद उदय प्रताप सिंह द्वारा शनिवार को इटारसी स्टेशन पर नवनिर्मित फुट ओवर ब्रिज एवं गरीबी लाइन क्षेत्र इटारसी में सीमित ऊंचाई सबवे का लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर इटारसी स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक नर्मदापुरम डॉ. सीतासरन शर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद इटारसी पंकज चौरे, क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के सदस्य राजा तिवारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में जनसामान्य, मीडिया प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में रेल प्रशासन की ओर से मण्डल रेल प्रबंधक सौरभ बंदोपाध्याय, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक श्रीमती प्रियंका दीक्षित, मंडल इंजीनियर (दक्षिण) अभिषेक मिश्रा सहित अन्य रेल अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि इटारसी जंक्शन स्टेशन पर यात्री ट्रेनों के बढ़ने के साथ ही यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ट्रेनों के आगमन के दौरान पुराने एफओबी पर यात्री भार कम करने के लिए अन्य एफओबी के निमाज़्ण की आवश्यकता थी। इस नए एफओबी के निमाज़्ण के बाद पुराने एफ्ओबी पर यात्रियों का भार कम होगा और दोनों एफ्ओबी से यात्रियों का आवागमन सुलभ होगा।

इसी प्रकार गरीबी लाइन क्षेत्र में सीमित ऊंचाई सबवे (एलएचएस) का निर्माण हो जाने से इटारसी और आसपास के क्षेत्र के नागरिकों के लिए रेल लाइन के पार जाने की सुलभ सुविधा उपलब्ध हो गई है। इस एलएचएस के निर्माण से पहले नागरिकों को रोड ओवर ब्रिज के जरिए 4 कि.मी. की दूरी तय करनी पड़ती थी।

## जीव- जंतुओं पर कार्यशाला 20 से

**भोपाल (काप्र)।**

राजधानी में प्रदेश में पहली बार ऐसे जीव- जंतुओं पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिनके बारे में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है । यूँ तो हमेशा बाघ, तेंदुए, चीतल, मोर आदि के बारे में चर्चा होती रहती है परन्तु वनों एवं जलीय क्षेत्रों में पाए जाने वाले कुछ जीव- जंतुओं ऐसे हैं जो अत्यंत दुर्लभ हैं एवं इन पर शोध कार्य बहुत ही कम हुए हैं ऐसे ही प्रजातियों पर चर्चा करने व जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 20 और 21 जनवरी को लैसर नौन स्पीशीज ऑफ़ मध्य प्रदेश पर आधारित प्रथम कार्यशाला का आयोजन एस एन एच सी इंडिया द्वारा मध्य प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड ,भोपाल बर्ड्स संस्था एवं मध्य प्रदेश टाइगर फाउंडेशन सोसाइटी के सहयोग से किया जा रहा है। इस दो दिवसीय कार्यशाला में कैरकल, इंडियन वुल्फ इंडियन स्कीमर, फारेस्ट आऊलेट, रिवर डॉलफिन, लैसर फ्लोरिकन, इंडियन औटर,मध्य प्रदेश में पाई जाने वाली बिच्छ एवं सरीसृप प्रजातियों पर चर्चा होगी एवं भविष्य में इनके संरक्षण हेतु रणनीति तैयार की जाएगी। यह कार्यशाला एप्को सभागार में आयोजित की जाएगी।

## भारत व भारतीय संस्कृति विषय पर संगोष्ठी आज

**भोपाल (काप्र)।**



विश्व के विभिन्न देशों से अप्रवासी भारतीयों के मध्य कार्य करने वाली वैश्विक संस्था अंतर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद की इंदौर इकाई द्वारा 8 जनवरी अपरान्ह 4 बजे एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। संगोष्ठी का विषय है - भारत व भारतीय संस्कृति। संगोष्ठी में मुख्य वक्तव्य देंगे प्रतिष्ठित विद्वान एवं हिंदू स्वयंसेवक संघ के विश्व समन्वयक सौमित्र गोखले जो अमेरिका के लॉस एंजिलिस शहर से इस आयोजन हेतु पधार रहे हैं । संगोष्ठी में विभिन्न देशों से पधारे अप्रवासी भारतीय विद्वजन भी अपने उद्बोधन के माध्यम से अपने विचार तथा अनुभव साझा करेंगे ।संगोष्ठी का आयोजन एसजीएसआईटीएस पार्क रोड , स्थित गोल्डन जुबली सभागृह में संपन्न होगा ।

## मप्र को फूलों के उत्पादन का हब बनाएँगे : कुशवाह

**भोपाल (काप्र)।**

मध्यप्रदेश को फूलों के उत्पादन का हब बनाएँगे। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने 42वीं अखिल भारतीय गुलाब प्रदशज़्नी में कही। प्रदशज़्नी शनिवार को भोपाल के गुलाब गाडज़्न में हुई। प्रदशज़्नी में 600 से अधिक किस्म के गुलाब प्रदशिज़्त किये गये।



राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि फूलों के उत्पादन में मध्यप्रदेश का देश में दूसरा स्थान है। प्रदेश में फूलों की खेती करने वालों को बढ़ावा दिया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में उद्यानिकी की खेती करने वालों के लिये अनेक कायज़्क्रम संचालित किये जा रहे हैं। फूलों को सुरक्षित रखने के लिये भोपाल में फ्लावर डोम का निमाज़्ण किया जा रहा है। इसमें फूलों को पयाज़्प्त समय तक सुरक्षित रखा जा सकेगा। विभिन्न प्रकार के फूलों को विकसित करने और फूलों की नई प्रजातियों को बढ़ाने के लिये प्रदेश में फ्लोरी-कल्चर गाडज़्न बनाया जायेगा। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने प्रदशज़्नी में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का स्वागत किया।

राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने प्रदशज़्नी के प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किये। श्री कुशवाह ने प्रदशज़्नी का अवलोकन भी किया। प्रारंभ में संचालक उद्यानिकी सुश्री निधि निवेदिता ने प्रदशज़्नी के आयोजन और प्रदेश में फूलों की खेती को बढ़ावा देने के कायज़्क्रमों की जानकारी दी। मध्यप्रदेश रोज़ सोसायटी के अध्यक्ष श्री लक्ष्मेन्द्र माहेश्वरी ने सोसायटी की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।